## खबर संक्षेप

### कृषि विभाग द्वारा कृषि आदान विक्रेताओं की दुकानों का किया जा रहा औचक निरीक्षण

**अनुपपुर।** कृषि विभाग की बीज एवं खाद निरीक्षकों की टीमों द्वारा जिले के विकासखंड अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ में बीते दिनों कृषि आदान विक्रेताओं की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य दुकानों पर उपलब्ध कीटनाशकों, बीजों एवं अन्य कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा नियमों के पालन की स्थिति की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान दिनांक 26 जून 2025 को अनूपपुर मुख्यालय स्थित एक कृषि आदान विक्रेता की दुकान में बिना लाइसेंस की बिक्री तथा अवसादित कीटनाशकों की जब्ती की कार्यवाही की गई। वहीं, 27 जून 2025 को कोतमा में भी कई दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाई गई अनियमितताओं को लेकर संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। कृषि उप संचालक ने किसानों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत दुकानों से ही कीटनाशक एवं बीज खरीदें और विक्रय रसीद अवश्य लें। खुले बाजार या वाहनों से कृषि आदान क्रय करना किसानों को जोखिम में डाल सकता है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस या गुणवत्ता विहीन कृषि आदान बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### मेंटेनेंस कार्य के चलते आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**शहडोल।** कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग दिनेश कुमार तिवारी ने जानकारी दी है कि 30 जून 2025 को विद्युत लाईन में मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है। जिस कारण से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 30 जून 2025 को सुबह 07 से लेकर 09 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11केव्ही शहडोल टाउन फ़ीडर में कोतवाली परिसर शहडोल एवम कॉलोनी,सम्पूर्ण गंज क्षेत्र,सब्जी मंडी,पंचायती मंदिर के पास सम्पूर्ण क्षेत्र,शेर चौक के पास सम्पूर्ण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति, परमट, रेलवे फाटक, सिंधी बाजार, मीट मार्केट, मोहन राम तालाब के पास सम्पूर्ण क्षेत्र, गांधी चौक, रघुराज स्कूल, डस्ठ स्कूल, घरौला मोहल्ला, कमिश्नर बगला तक, महाराजा होटल, फैसला गोल्ड, आहूजा मार्केट, कांग्रेस भवन, गांधी चौक से लेकर बुढार चौक तक ,नगर पालिका कार्यालय,कलेक्टर बगला, कृतिम गर्भाधान केंद्र विराट मंदिर,आदि मुख्य क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बन्द रखी जाएगी। 11केव्ही नगरपालिका फीडर में सुबह 07 से 08 तक कोतवाली कॉलोनी एवं थाना के पास का क्षेत्र ,गाँधी स्टेडियम ,कन्या उच्चतर माध्यम स्कूल गंज ,पुरातत्व कार्यालय ,चौपाटी के पास सम्पूर्ण क्षेत्र ,जिला जेल ,जिला जज बगला चिंटू डेरी के पास का क्षेत्र, डॉक्टर कॉलोनी ,झूला पुल,सम्पूर्ण पुलिस लाइन ,पटेल नगर ,चरक सिटी राजेंद्र टाकीज, पुराना बस स्टैंड शहडोल,अजाक थाना शहडोल, जिला अस्पताल, कलेक्टर कार्यालय, तहसील कार्यालय ,सोहागपुर ,सम्पूर्ण पाली रोड ,।स् कॉलोनी के पास का क्षेत्र ,जिला न्यायालय शिवम् कॉलोनी बन मंडल कार्यालय के पास का क्षेत्र जयस्तम चौक ,रोहरा कैम्पस ,मछली पालन , संभाग आयुक्त बगला की बिजली ,पुलिस महा निरीक्षक बगला की बिजली संभाग आयुक्त कार्यालय शहडोल ,पुलिस महा निरीक्षक कार्यालय शहडोल आदि मुख्य क्षेत्र की बिजली। 11 केव्ही सोहागपुर फीडर में सुबह 08 से 09 बजे तक बिजली बिभाग की कॉलोनी, शिव नगर, पंडित संभुनाथ कॉलेज, डिग्री हॉस्टल के पास का क्षेत्र, पांडव नगर, पॉलीटेक्निक कॉलेज, इद्रा गांधी कॉलेज, बड़ा तालाब, कान्वेंट स्कूल ,ग्राम चाँदनिया, पुट्ठा फैक्टरी, बैरियल के पास का क्षेत्र ब्राइटन स्कूल, बूढ़ी माता मंदिर आधी मुख्य क्षेत्र। 11 केव्ही रेलवे फीडर सुबह 08 बजे से 09 बजे तक रेलवे अंडर ब्रिज, समार्थ विहार कॉलोनी, हनुमान मंदिर के पास सम्पूर्ण क्षेत्र।

# गेट में ताला जड़ कर दिया परिवार को नजरबंद

## बच्ची को बाउंड्रीवाल कूदकर आना पड़ा अंदर

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में निवासरत एक परिवार को उसके ही रिस्तेदारों ने गेट में तालाबंदी कर पिछले 24 घंटे से भी अधिक समय से नजर बंद कर रखा हैं। किसी तरह दीवार कूदकर परिवार का मुखिया बुढ़ार थाना पहुँचा और इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कड़ी कार्यवाही करने के बजाए पुलिस हस्ताक्षेप अयोग्य अपराध बताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। इस संबंध में बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 ईरानी मोहल्ला के बगल में रहने वाले मोहम्मद मजीद पिता मोहम्मद सईद 42 वर्ष ने थाने में दी गई लिखित शिकायत में आरोपित किया हैं कि वह उक्त स्थान पर अपना मकान बनाकर वर्षो से अपने परिवार के साथ रहता हैं।

मेरे अलावा उक्त बाड़ा के अंदर मेरे दो अन्य रिस्तेदारों का भी घर हैं। जिस स्थान पर मेरा मकान हैं वहाँ पर मेरी माँ की पुस्तैनी ज़मीन मौजूद हैं। जिसके खसरे में मेरी माँ का नाम भी दर्ज हैं। उक्त भूमि को मेरे उक्त रिस्तेदार हड़पना चाह रहें हैं। जिसके लिये वह आए दिन नए नए हथकंडे अपनाते रहते हैं। ताकि मै उक्त स्थान से भयभीत होकर कहीं और चला जाऊ। इसके लिए मेरे रिश्तेदार मो. रईस एवं उसके पुत्र सलीम द्वारा 28



जून को तड़के बाड़ा के मुख्य संयुक्त निकासी मार्ग के गेट में ताला लगा दिया गया हैं। जिस कारण मै एवं मेरे परिवार के लोग पिछले 24 घंटे से भी अधिक समय से बाड़ा के अंदर कैद हैं। किसी तरह बाउंड्रीवाल कूदकर मैने थाना तक जाकर अपनी लिखित शिकायत सौंपी लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई थोस कार्यवाही आरोपीगणो के खिलाफ नही की गई हैं। और अभी तक गेट में ताला जड़ा हुआ हैं।

शिकायत कर्ता ने बताया की इस ताला बंदी के कारण मेरी बच्चियों को स्कूल से वापसी के बाद घर के अंदर आने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। मेरी पुत्री को अपनी जान जोखिम में डालकर बाड़ा की बाउंड्रीवाल कूदकर घर के अंदर आना पड़ा। आरोपियों के इस कृत्य से मै एवं मेरा परिवार काफी डरा सहमा हुआ हैं। मेरी बच्चिया इतनी भयभीत हो गई हैं कि वह अब स्कूल जाने से भी डर रही हैं। उन्हें भय सता रहा हैं कि अगर वह बाहर निकलेंगी तो उनके साथ रिस्तेदारों द्वारा मारपीट की जाएगी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पेशे से मोटर मैकेनिक हैं और उसकी गैरेज शहडोल में हैं। इसलिए वह हर सुबह अपनी दुकान शहडोल चला जाता हैं और रात्रि में घर लौटता हैं।मुझे यह भी अंदेशा हैं कि मेरी गैर मौजूदगी में मेरे परिवार के साथ किसी प्रकार की अनहोनी न हो जाए। ऐसी स्थिति में इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरे रिस्तेदार मो. रईस उसके पुत्र सलीम एवं गुड्डा मिस्त्री की होंगी। पीड़ित ने बाड़ा के मुख्य सार्वजनिक गेट में बल पूर्वक लगाए गए ताला को खुलवाने के साथ साथ अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई हैं।

## सांप के ज़हर को मात देकर लौटा मासूम शिवदास

### 20 वायल एंटी स्नेक वेनम से थमा ज़हर का असर



**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

सर्प दंश के बाद गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के पी आई सी यू वार्ड में लाए गए एक नौ वर्षीय बच्चे को चिकित्सको एवं स्टाफ ने एक नया जीवन प्रदान किया हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम चुनिया के निवासी 9 वर्षीय मासूम शिवदास बैगा, जिसे सर्पदंश के बाद अति गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था, अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। लगातार पाँच दिनों तक जीवन-मृत्यु के बीच झूलते इस बालक को जिला अस्पताल की टीम ने अपनी निष्ठा, मेहनत और सेवा भाव से एक नई ज़िंदगी दी। बच्चे के पिता संतोष बैगा के अनुसार, 18 जून की रात करीब 3 बजे शिवदास जमीन पर सो रहा था, तभी सांप ने उसकी जांघ में डस लिया। जब उसे शहडोल जिला चिकित्सालय के पीआईसीयू में लाया गया, तब उसकी हालत अत्यंत नाजुक थी। सांस लेने में तकलीफ, हाथ-पैर सुन्न, और परालिसिस की स्थिति बढ़ती जा रही थी। कुछ ही देर में बच्चा कोमा में चला गया और उसकी सांसें थमने लगीं। पीआईसीयू में बालक को वेंटिलेटर पर रखा गया, ऑक्सीजन दी गई और तुरंत एंटी स्नेक वेनम की खुराक शुरू की गई। बच्चे को कुल 20 वायल एंटी स्नेक वेनम दी गई, तब जाकर जहर का असर कम होना शुरू हुआ। इस दौरान बच्चे के शरीर से खून बहने लगा और दो बार खून चढ़ाना पड़ा। दिल की धड़कनें धीमी हो रही थीं और किडनी काम करना बंद कर रही थी, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी। लगातार देखरेख और चिकित्सकीय प्रयासों के बाद पांचवें दिन शिवदास को वेंटिलेटर से हटाकर ऑक्सीजन पर रखा गया। अब बच्चा पूरी तरह से होश में है, खाना-पीना कर रहा है और सामान्य व्यवहार कर रहा है। शिवदास के माता-पिता की आंखें नम थीं लेकिन चेहरे पर राहत थी। बच्चे के सफल उपचार में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील हथगेल, डॉ. बृजेश पटेल, डॉ. सुप्रिया, डॉ. कृष्णेन्द्र, डॉ. नीरज, एवं पीआईसीयू इंचार्ज नर्सिंग ऑफिसर अपर्णा सिंह, सृष्टि, रूबी और अन्य स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा। डॉ. सुनील हथगेल ने बताया कि परिजनों ने सर्पदंश के सिर्फ आधे घंटे के भीतर बच्चे को अस्पताल पहुँचा दिया, जिससे उपचार में देरी नहीं हुई और यही सफलता का कारण बना। यदि थोड़ी और देर हो जाती, तो परिणाम कुछ और हो सकते थे।

## रेत से भरे ट्रैक्टर ने ली छात्र की जान

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**



जिले में रेत का अवैध कारोबार अब सिर्फ कानून की धज्जियाँ नहीं उड़ा रहा, बल्कि मासूम ज़िंदगियाँ भी निगलने लगा है। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम पसगढ़ी के घटिया के नीचे स्थित मजुरहा टोला में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। रेत चोरी के कार्य में लगे 15 वर्षीय नाबालिग आदिवासी छात्र की ट्रैक्टर से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक प्रिंस सिंह गोंड, कक्षा 9वीं का छात्र था और हर्ष मिश्रा के ट्रैक्टर से अवैध रेत ला रहा था।

ट्रैक्टर को विनोद सिंह गोंड नामक चालक चला रहा था। नदी से रेत भरकर लौटते समय, ट्रैक्टर अनियंत्रित हुआ और प्रिंस संतुलन खो बैठा। गिरते ही ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ बैठा। घटना के बाद चालक विनोद सिंह गोंड ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर ब्यौहारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, ट्रैक्टर को जब्त किया गया और आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। यह हादसा न केवल एक मासूम की मौत का मामला है, बल्कि जिले में बेखौफ रेत माफियाओं की सक्रियता और प्रशासनिक तंत्र की लाचारगी को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले ही रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने गए एक पटवारी और एएसआई की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद अवैध रेत उत्खनन पर कोई ठोस रोक नहीं लगाई जा सकी है। जिले में दर्जनों स्थानों पर नदियों से अवैध रेत का उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। बिना नंबर और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, मासूमों से लेकर अधिकारियों तक की जान के लिए खतरा बन चुके हैं। नियम कानून को ताक पर रखकर यह कारोबार न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहा है, बल्कि अब सीधे-सीधे मौत का कारोबार बन चुका है।

## अवैध उर्वरक भंडारण पर कृषि विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**पीपुल्स प्रवक्ता, अनुपपुर।**

कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार आज कृषि विभाग अनूपपुर एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पचोहा, विकासखंड जैतहरी में अवैध उर्वरक भंडारण के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सुनील राठौर द्वारा संचालित एक निजी गोदाम में बिना लाइसेंस के बड़ी मात्रा में जिंक सल्फेट एवं जैविक ह्यूमिक एसिड खाद का अवैध भंडारण पाया गया। स्थल पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। खाद की गुणवत्ता एवं वैधता संदिग्ध पाए जाने पर कृषि विभाग की टीम ने संबंधित खाद की जब्ती कर गोदाम को सील कर दिया। कृषि विभाग द्वारा प्राथमिक रिपोर्ट तैयार कर पुलिस विभाग को सौंपी गई है तथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रचलित है। इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी एवं सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी उपसंचालक कृषि श्रीमती निशा सिन्हा ने किसानों से अपील की है कि वे अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक क्रय करें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें। निरीक्षण के दौरान एसडीओ कृषि श्री विकास सिंह, एसएडीओ श्री रामाधार मरावी सहित पुलिस की टीम उपस्थित थी।

## शीतल जलसेवा का भावपूर्ण समापन



**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

भीषण गर्मी के इस मौसम में यात्रियों की प्यास बुझाने वाला ÷शीतल जल सेवा (प्याऊ)÷ का पावन अभियान शनिवार को भावुक क्षणों के साथ संपन्न हुआ। यह सेवा 1 अप्रैल 2025 से लगातार प्रतिदिन शहडोल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध करवा रही थी। इस वर्ष की अंतिम सेवा ट्रैन संख्या 18233 नर्मदा एक्सप्रेस में जल वितरण के साथ सम्पन्न हुई। यह सेवा केवल शीतल जल तक सीमित नहीं रही, बल्कि मानवता, सेवा और समर्पण का प्रतीक बन गई। प्रत्येक दिन स्टेशन पर यात्रियों के बीच यह सेवा निस्वार्थ भाव से की गई, जिससे हज़ारों यात्रियों को राहत मिली और समाज में एक सकारात्मक संदेश गया। समापन अवसर पर सेवा देने वालों की संख्या सामान्य दिनों से कहीं अधिक रही। अनेक समाजसेवी, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं इस सेवा में सम्मिलित हुए। उपस्थित प्रमुख सेवादारों में शेखर ढांड, सुशील खोडियार, पावन पाण्डेय, श्रीमती रीता पाण्डेय, सत्य प्रकाश राजवानी, इम्तियाज अहमद, क्रिस्टी अब्राहम, मंजूर अहमद, संतोष राव, महेंद्र, प्रशांत नामदेव, राजेश सोंधिया, भागवत, मोहम्मद याकूब, रमीत सिंह, अयान खान, देवेंद्र श्रीवास्तव, अनुशील सिन्हा, इसाक खान, दुर्गा तांती, गोपाल निगम, जसवीर सिंह दुआ, कुमुद तिवारी, निरंजन पटेल, लखन बुचवानी, नरेश सिंघल, दीपक गौतम, शहंशाह फारुकी, समीम, श्याम, मुख्तार खान, ईशान अहमद सहित अनेक चेहरे शामिल रहे। सेवा में लगे सेवादारों का कहना है कि यह कार्य सिर्फ जल वितरण नहीं था, बल्कि यह हमारी संस्कृति और संस्कारों की सेवा थी। यात्रियों की दुआओं और मुस्कानों से हमें जो संतोष मिला, वह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

## ग्राम अरझुला में किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

**शहडोल।** विधायक जैतपुर श्री जय सिंह मरावी की उपस्थित में जलगंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम ग्राम पंचायत अरझुला में किया गया।

कार्यक्रम में विधायक श्री जयसिंह मरावी द्वारा खेत तालाब के हितग्राहियो एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंजीकृत जलदूतो को सम्मानित किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत अरझुला में 4 नवीन खेत तालाब को पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, वरिष्ठ नागरिक विपुल सिंह,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनुराग निगम,सहायक यंत्री रघुवेन्द्र सिंह,उपयंत्री छत्रपाल कुशवाहा राजेन्द्र सिंह उपस्थिति रहे।

# बरसात में जमींदोज होंगे जर्जर भवन

## कलेक्टर डॉ. केदार सिंह का फरमान

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

वर्षाकाल में नगरीय निकायों के आवागमन मार्गों के अवरोध हटाने, सड़कों के गढ्ढे भराने, सेप्टिक टैंकों की नियमित साफ-सफाई कराने, पेयजल सप्लाई में जहां पाईप लाईन टूट गई हों की मरम्मत कराने, नालियों की सफाई तथा जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर हटाने के कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुद्रिका सिंह, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण तथा नगरीय निकायों के नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अमृत योजना फेज-1 तथा फेज-2 के कार्यो की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ कार्यो को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। जो आवास अधूरे हैं उनकी सतत मानीटरिंग की जाए तथा उन्हें पूरा कराया जाए। फेज-2 के शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर संयुक्त टीम का गठन कर सत्यापन का कार्य पूरा किया जाए तथा उनके डीपीआर भी बनाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिन हितग्राहियों के पास स्वयं की जमीन नहीं है लेकिन वे जरूरत मंद हैं उनके लिए अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है, वहां कॉलोनी विकसित कर योजना का लाभ हितग्राहियों को दिया जाए। बैठक में नगरीय निकायों को अपनी आय में




वृद्धि करने हेतु कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जून माह में शत-प्रतिशत उपलब्धि के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक किया जाए। इसी तरह वर्षाकाल में अमृत हरित क्रान्ति योजना के तहत सभी नगरीय निकायों को पौधरोपण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

नगरीय निकायों की जिला सतर्कता समिति एवं सेनिटेशन अथारिटी समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में विराट सभागार में सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छता मित्रों को जूते, ग्लब्स, ड्रेस, परिचय पत्र सहित सफाई कार्य में लगने वाले सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध करा दिए जाएं। सफाई मित्रों का नियमित मेडिकल चेकअप, आयुष्मान कार्ड, नामस्ते पोर्टल में रजिस्ट्रेशन तथा आर्थिक तौर पर सामाजिक पुर्नवास हेतु बैंकों से ऋण आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह, डीएसपी राघवेन्द्र द्विवेदी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण तथा नगरीय निकायों के नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।